**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**TERMINAL EXAMINATION YEAR 2019-20**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS : VII**
**TIME : 2 HOURS** **MARKS : 80**

---

**सूचना- १) इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं।**
**२) भाग 'अ' और 'ब' के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**
**३) भाग 'स' और 'द' के उत्तर छोड़ी गई खाली जगहों में लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ जोड़ दीजिए।**

## विभाग - 'अ'

प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
२) बाढ़ का आँखों देखा हाल
३) मेरी पहली साइकिल यात्रा
४) एकता ही बल है

प्रश्न २. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)

पहली बार भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने तथा पुरस्कार प्राप्त करने पर आपको कैसा अनुभव हुआ अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए।

**अथवा**

आपका टेलीफोन खराब है। इसकी शिकायत करते हुए महाप्रबंधक को पत्र लिखिए।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गंद्याश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१०)

एक माली था। उसके पास दो घड़े थे। एक घड़े में एक छोटा-सा सुराख हो गया था। माली प्रतिदिन दोनों घड़े भरकर ले आता। झोपड़ी तक आते-आते एक घड़ा तो पूरा भरा होता और दूसरा लगभग आधा। माली ने अपनी झोंपड़ी के आस-पास कुछ फूल-पौधे लगा रखे थे। माली आधे घड़े के पानी से अपने पेड़ पौधों को सींचता और पूरा घड़ा वह अन्य कामों के लिए ढककर रख देता।

सुराख वाला घड़ा प्रतिदिन बूँद-बूँद टपकता। रास्ते में उसका पानी सड़क के किनारे लगे पौधों पर गिरता। अपने घड़े में से पानी की बूँद को गिरता देखकर उसका कलेजा मुँह को आता था। भरे घड़े को देखकर उसकी छाती पर साँप लोटते थे। वह सोचता, इस भरे घड़े का भाग्य तो देखो, एक तो भरा-भरा घर पहुँचता है, दूसरे माली इसे धो पोंछकर ढककर रखता है। एक मैं हूँ, आधा तो रास्ते में बेकार बह जाता हूँ और आधा आते ही पेड़ पौधों में डाल दिया जाता हूँ। मुझे भरने में माली की मेहनत बेकार जाती है।

अगले दिन आधे भरे घड़े से न रहा गया। वह माली से बोला, ''आप मुझे नदी से भरकर लाते हैं, आधा तो मैं रास्ते में ही बह जाता हूँ, आपकी सारी मेहनत व्यर्थ जाती है, आप नया घड़ा क्यों नहीं खरीद लाते हैं।'' माली घड़े की बात सुनकर बड़े प्यार से बोला, ''मेरे प्यारे आधे भरे घड़े कल तुम नदी से घर आने तक के मार्ग को ध्यान से दखते हुए चलना। दूसरे दिन माली ने फिर अपने दोनों घड़े भरे। घर पहुँचकर उसने आधे भरे घड़े से पूछा, ''क्या तुमने मार्ग में कुछ देखा?'' आधा घड़ा बोला, ''नहीं, मैंने कुछ नहीं देखा।''

तब माली ने उसे प्यार से समझाया,''तुम्हारे सुराख से गिरता पानी मार्ग के किनारे लगे पौधों पर गिरता है जिससे उनकी सिंचाई होती है। वे हरे-भरे रहते हैं'' सभ उनकी सुंदरता की प्रशंसा करते हैं। यह सब तुम्हारे

कारण ही तो संभव हो पाया है। क्या अब भी मेरी मेहनत बेकार है ? यह सुनकर आधे भरे घड़े की आँखें खुल गईं और उसके अंदर नया आत्मविश्वास पैदा हो गया और वह माली की बातों से संतुष्ट हो गया।

१) माली के घड़े कैसे थे ? वह उनसे क्या करता था ? (२)
२) आधा भरा घड़ा क्यों दुखी था ? उसने माली को क्या सलाह दी ? (२)
३) पहले और दूसरे दिन माली ने घड़े से क्या कहा ? (२)
४) अंत में माली ने घड़े को क्या समझाया ? (२)
५) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? (२)

**भाग – ब**

प्रश्न ४.
अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए- (१५)
१) फूल और काँटे की परवरिश में प्रकृति किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करती। क्यों ? इस कविता का भाव भी लिखिए।
२) पाठ के आधार पर लिखें कि तेल और गैस के संरक्षण के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं ?
३) लेखक पहले के और आज के समय में क्या अंतर पाते हैं ?
४) पंडित शादीराम को कब लगा कि सदानंद का कर्ज उतरा नहीं बल्कि दुगुना हो गया है ?
५) कहानी का शीर्षक 'प्रायश्चित' क्यों रखा गया होगा ?

**बाल रामायण**

प्रश्न ५.
ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए:
१) दशरथ ने राम का राज्याभिषेक करने का निश्चय क्यों किया ? (३)
२) कैकयी ने राजा दशरथ से क्या वर माँगे तथा क्यों ? (३)

## भाग – स

सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर छोड़ी हुई खाली जगहों में लिखिए।

नाम : ______________________ कक्षा : ७ वी अनुक्रमांक: __________

प्रश्न ५. एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (५)

१) पंडित परमसुख जी के अनुसार बिल्ली की हत्या से कौन-सा नरक मिलने की संभावना थी ?

२) पं. शादीराम के पास रुपये कहाँ से आए ?

______________________

३) 'फूल और काँटा' कविता के कवि का नाम लिखिए।

______________________

४) हम लोग क्या भूल गए हैं ?

______________________

५) 'हमारा दायित्व' पाठ किस समस्या पर आधारित है ?

______________________

प्रश्न ६. किसने किससे कहा:- (३)

१) "दो जरा देखें कैसे चित्र हैं।

______________ ने ______________

२) " यही कोई सात बजे सुबह "

______________ ने ______________

३) "अच्छा, तो फिर प्रायश्चित का प्रबंध करवाओ।"

______________ ने ______________

प्रश्न ७. शब्दार्थ लिखिए:- (४)

१) चंपत - ______________ २) जिन्स - ______________

३) विज्ञापन - ______________ ४) घोर - ______________

५) मिल्कियत - ______________ ६) मुटिया - ______________

७) दायित्व - ______________ ८) भगोना - ______________

प्रश्न ७. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए – (४)

हैं जनम ____________________

____________________

____________________

____________________ डालता।

प्रश्न ९ सही कथन के आगे सही( √ ) और गलत के आगे ( ×) का निशान लगाइए। (२)

१) रामू की बहु चौदह बर्ष की बालिका थी। ( )

२) गैस और तेल भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। ( )

३) 'मुटिया' से अभिप्राय जमींदार से है। ( )

४) बिल्ली जिंदा थी। ( )

प्रश्न १० निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए: (२)

१) अँगूठा दिखाना :-

____________________

२) आँखें खुलना :-

____________________

ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए: (२)

१) कपड़ा - ____________ ____________

२) पानी - ____________ ____________

ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (२)

१) उपयोगी x ____________ २) गहरा x ____________

३) उतार x____________ ४) आय x____________

घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- (१)

१) जिसमें धैर्य न हो - ____________________

२) कम खर्च करने वाला – ____________________

ड.) नीचे दिए गए श्रुतिसम –भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए- (२)

१) अणु - ____________________

१) अनु - ____________________

२) गज - ____________________

२) गज़ - ____________________

च) नीचे दिए गए अशुद्ध वाक्योंको शुद्ध करके लिखिए- (२)

१) उसे भारी दु:ख हुआ।

____________________

२) मैं यह काम नहीं किया।

____________________

छ) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कीजिए तथा उसके भेद भी लिखिए- (२)

१) जितना करोगे उतना पाओगे। ____________________

२) मैं तुम्हें स्वयं बुलाने आऊँगा। ____________________

ज) नीचे दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए - (१)

१) वकील - ____________________ २) घर ____________________